तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

3

25 वीं राज्य सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा में 300 खिलाड़ियों ने दिखाया दम



खबर संक्षेप

घर में खाया खाना, फिर बर्तन लेकर हुआ गायब

रायगढ़। जिले के कापू थाना क्षेत्र के ग्राम विजयनगर में घर से बर्तन चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता दिल साय राठिया के मुताबिक, 26 अक्टूबर की शाम एक युवक उनके घर पहुंचा और भूख लगने की बात कहकर खाना मांगा। उन्होंने उसे खाना निकालकर दिया। युवक आंगन में बैठकर खाना खाने लगा। इसी दौरान घर के मालिक कुछ काम से अंदर चले गए। जब वे वापस आए तो युवक वहां से गायब था। घर की परछी में रखे पीतल के बर्तन भी नहीं मिले। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चोरी हुए सामान में एक कांसे की थाली, एक लोटा, एक कड़ाही, तीन गिलास और एक हंडा शामिल हैं। घर से सामान गायब मिलने के बाद शिकायतकर्ता ने गांव और आसपास तलाश की। उन्हें संदेह हुआ कि गांव के कोमपारा निवासी लल्लू उर्फ साजन दास महंत बर्तन लेकर चला गया है। शिकायतकर्ता ने घटना की जानकारी गांव के रामकलेश विश्वकर्मा, राजेश राठिया और अशोक रावत को भी दी। इसके बाद मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

गांजा तस्करी के आरोपी को 15 साल कठोर कारावास

रायगढ़। गांजा तस्करी के एक बड़े मामले में न्यायालय ने आरोपी को कड़ी सजा सुनाई है। करीब तीन साल पहले 103 किलो से अधिक गांजे के साथ पकड़े गए तस्कर वरुण सिंह को विशेष न्यायालय ने 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 1 लाख 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। चक्रधरनगर पुलिस की विवेचना और अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी के चलते आरोपी को दोषी साबित किया जा सका। यह मामला 10 सितंबर 2023 का है। उस दौरान चक्रधरनगर पुलिस को सूचना और कार्रवाई के दौरान रायगढ़ के नवापाली मुख्य मार्ग पर गांजा तस्करी का मामला पकड़ में आया था। पुलिस ने मौके पर वरुण सिंह 32 वर्ष निवासी बैकुंठपुर जिला कोरिया को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 20 पैकेट में भरा 103 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी बिना किसी वैध अनुमति के मादक पदार्थ का परिवहन कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में चक्रधर नगर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी ने विवेचना की। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर गांजे की बरामदगी और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से जुड़े साक्ष्य जुटाए। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 14 गवाहों के बयान और 65 महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत किए। विशेष लोक अभियोजक वेद प्रकाश पटेल ने मामले की प्रभावी पैरवी की। सभी साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) अश्वनी कुमार चतुर्वेदी की अदालत ने वरुण सिंह को दोषी करार दिया। न्यायालय ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(सी) के तहत उसे 15 साल के कठोर कारावास और 1.50 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया।

बारिश का पानी भरा है खेतों में, अब सड़ जाएगा धान के पौधे और बाली

अर्नब तूफान का ऐसा कहर, साढ़े तीन सौ एकड़ पर लगी धान की फसल लेट गई जमीन में



रायगढ़ ब्लॉक के धनागर और बरमकेला ब्लाक के जामवीरा गांव में बारिश से जमीन पर गिरे धान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दो दिनों तक अर्नब तूफान ने ऐसी तबाही मचाई है कि खेतों में खड़ी धान की फसल जमीन पर बिछ गई है। जो जानकारी सोनम आई है उसके मुताबिक रायगढ़ जिले समेत सारंगढ़-बिलाईगढ़ में साढ़े तीन सौ एकड़ से अधिक रकबे में लगी धान की फसल तेज हवाओं और बारिश की वजह से खेतों में गिर गई है। हालात यह है कि अभी भी खेतों में लबालग बारिश का पानी भरा है। जिसके कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। पानी में डूबे धान की फसल सड़ने की खतरा मंडरा रहा है। यदि फसल सड़ने से बच भी गई तो बालियों के खराब होने से उत्पादन प्रभावित होना तय है। ऐसे में किसानों को लाखों का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मौसम साफ होने से किसानों को कुछ राहत मिली है, लेकिन खेतों में बिछी फसल को देखकर उनकी चिंता कम नहीं हो रही है। बारिश की वजह से अर्नब तूफान से हुए फसल नुकसानी का सर्वे नहीं हो सका है। कृषि विभाग कल से अपने फिल्ड कर्मचारियों को सर्वे में लगाया है, लेकिन बारिश बाधा बनी हुई थी। शुक्रवार को एक दो जगहों की रिपोर्ट जरुर आ गई थी, लेकिन जब तक पूरे ब्लॉकों के एक-एक गांवों की रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक कृषि विभाग के अधिकारी भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं।

आज रिपोर्ट आने की उम्मीद

कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारी एक एक गांव का सर्वे कर रहे हैं। रायगढ़ ब्लॉक के एक दो गांव की रिपोर्ट आई है जिसमें 75-80 फीसदी नुकसान होने का अनुमान है। पानी में ज्यादा समय तक डूबे रहने से बाली में अंकुरण की स्थिति निर्मित हो जाती है। दूसरी ओर पौधा सड़ जाता है तो गिरे हुए धान पूरा नुकसान हो जाता है।

कटाई भी हो गई है चालू

कम अवधि की धान फसल की कटाई भी चालू हो गई है। हालांकि कटने के बाद खेत में पूरी तरह से भीगने की रिपोर्ट भी अभी नहीं आई है। हर गांव में दो ढाई एकड़ खेतों में धान कटाई होने की जानकारी मिली है। दूसरी ओर जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक इस साल बीच में बारिश पूरी तरह से छोड़ देने की वजह से धान में ठीक से दूध नहीं भर पाया और वजन कम आ रहा है।

किसानों ने बताई अपनी पीड़ा



पूर्वांचल क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है। इसके लेकर किसान शौकी लाल चौहान का कहना है कि इस दिवाली किसानों के लिए दिवाला निकल गया है। ग्राम महापल्ली के लगभग एक एकड़ में खेती करने वाले निलो खड़िया ने बताया कि उसके लिए भूखे मरने के सिवाय कुछ नहीं बचा है। इसी तरह गौतम राठिया, जनक राम यादव, मोहन बीसी, शिशुपाल गुप्ता, सुनील साहू, प्रमोद कुमार गुप्ता, सफेद प्रधान, शेष चरण गुप्त सहित महापल्ली के शताधिक किसानों के धान की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। अधिया किसान सफेद प्रधान ने बताया कि वह दो एकड़ में अधिया लेकर खेती किया था, फसल अच्छी हुई थी लेकिन अर्णब तूफान के कारण उसके किस्मत में पानी फिर गया।

घर दिलाने का वादा कर महिला से ऐंठ लिए एक लाख

रायगढ़। जिले के कापू थाना क्षेत्र से धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला सामने आया है। एक महिला ने खेम पटेल नामक व्यक्ति पर एक लाख रुपये लेने और वापस मांगने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध में सीता साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह मूल रूप से जशपुर जिले के कोतबा की रहने वाली हैं और घरेलू काम करती हैं। पति मन्नू साहू की वर्ष 2021 में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद वह अपने बेटे साहिल साहू और छोटी बेटी के साथ रहने लगीं। वर्ष 2023 में वह पत्थलगांव में डॉक्टर प्रमोद भगत के घर किराए पर रह रही थीं। इसी दौरान डॉक्टर के क्लिनिक में उनकी मुलाकात खेम पटेल निवासी ठाकुरपोड़ी से हुई। बातचीत के दौरान उसने महिला के पति और सरजू साहू को जानने-पहचानने की बात कही। इसके बाद दोनों के बीच परिचय बढ़ गया। खेम पटेल ने अपने बेटे की तबीयत खराब होने और पैसों की जरूरत का हवाला देकर महिला से रुपये मांगे। उसके भरोसे में आकर महिला ने पत्थलगांव बैंक से एक लाख रुपये निकालकर उसे दे दिए। इसके बाद भी वह अलग-अलग समय पर पैसों की मांग करता रहा। जब उसे खुद पैसों की जरूरत पड़ी और उसने अपनी रकम वापस मांगी, तो खेम पटेल ने रायगढ़ में घर दिलाने का भरोसा दिया।

महिलाओं को 50 फीसदी छूट, 6 महीने में ही टूटा सालभर का रिकॉर्ड, राजस्व में 31 करोड़ की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



महिलाओं के नाम पर संपत्ति की रजिस्ट्री कराने पर पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट देने का फैसला खरीदारों के लिए राहत का बड़ा जरिया बन रहा है। खास बात यह है कि महिलाओं को पंजीयन शुल्क में आधी छूट देने के बाद से विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से सितंबर तक ही 153 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर लिया है। जबकि पिछले पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को 122 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। इस तरह पिछले साल का रिकॉर्ड महज 6 महीने में ही पीछे छूट गया है। यानी इन 6 माह में ही विभाग को बीते वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब 31 करोड़ रूपए अधिक राजस्व प्राप्त हुआ।

दरअसल, महिलाओं के पक्ष में संपत्ति अंतरण के दस्तावेजों के पंजीयन पर पहले 4 प्रतिशत शुल्क लिया जाता था, जिसे घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है। यानी महिलाओं के नाम पर मकान, जमीन या अन्य अचल संपत्ति की रजिस्ट्री कराने पर पंजीयन शुल्क में सीधे 50 प्रतिशत की राहत मिल रही है। इसका असर 6 मई से 21 अक्टूबर के बीच हुए पंजीयन के आंकड़े बयां कर रहे हैं। इस अवधि में महिलाओं के पक्ष में कुल 2 हजार 385 संपत्तियों के दस्तावेज पंजीकृत किए गए। सामान्य चार प्रतिशत की दर से इन दस्तावेजों पर करीब 16.11 करोड़ रुपए पंजीयन शुल्क देय होता, लेकिन दो प्रतिशत की रियायती दर लागू होने से यह राशि घटकर करीब 8.05 करोड़ रुपये रह गई। इस तरह संपत्ति खरीदारों को लगभग 8.05 करोड़ रुपये की सीधी आर्थिक राहत मिली है। पंजीयन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार रायगढ़, खरसिया, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ और पुसौर स्थित उप पंजीयक कार्यालयों में 6 मई से 21 अक्टूबर तक महिलाओं के पक्ष में कुल 1 हजार 786 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ। इन दस्तावेजों पर सामान्य चार प्रतिशत की दर से 15 करोड़ 10 लाख 23 हजार 31 रुपए पंजीयन शुल्क देय होता, जबकि दो प्रतिशत की रियायती दर से यह राशि घटकर 7 करोड़ 55 लाख 11 हजार 515 रुपये रह गई। इस तरह इन पांच कार्यालयों में ही महिलाओं को करीब 7.55 करोड़ रुपये की शुल्क राहत मिली।

> शासन द्वारा महिलाओं के पक्ष में संपत्ति अंतरण के दस्तावेजों के पंजीयन पर पहले 4 प्रतिशत शुल्क लिया जाता था, जिसे घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है। इसकी वजह से पिछले वर्ष की तुलना में इस बार करीब 6 माह में 31 करोड़ रूपए अधिक राजस्व प्राप्त किया गया है। जो 153 करोड रूपए हैं। जबकि बीते वित्तीय वर्ष 122 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था।
>
> दीपक कुमार मंडावी
> जिला पंजीयक

सारंगढ़ और सरिया में 599 दस्तावेजों का पंजीयन

इसी अवधि में सारंगढ़ और सरिया के उप पंजीयक कार्यालयों में महिलाओं के पक्ष में 599 दस्तावेजों का पंजीयन किया गया। इन पर सामान्य दर से 1 करोड़ 6 लाख 92 हजार 78 रुपये पंजीयन शुल्क देय होता, जबकि रियायती दर के अनुसार यह राशि 50 लाख 34 हजार 639 रुपये बनती है। इस तरह इन दोनों कार्यालयों में भी खरीदारों को करीब 50.34 लाख रुपये की राहत मिली। रायगढ़ जिले के सभी संबंधित उप पंजीयक कार्यालयों के आंकड़ों को मिलाकर महिलाओं के पक्ष में कुल 2 हजार 385 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है।

छूट के बावजूद राजस्व में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट का उद्देश्य महिलाओं के नाम पर संपत्ति का स्वामित्व बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से प्रोत्साहित करना है। इस रियायत से जहां संपत्ति खरीदने वालों का खर्च कम हुआ है, वहीं पंजीयन विभाग के राजस्व आंकड़े भी बेहतर तस्वीर पेश कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने कुल 122 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था। इसके मुकाबले चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से सितंबर तक ही 153 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। यानी पिछले पूरे साल की तुलना में छह महीने में ही 31 करोड़ रुपये अधिक राजस्व मिल चुका है।

1.80 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार, खरसिया पुलिस की कार्रवाई

रायगढ़। खरसिया पुलिस ने सप्ताह के भीतर गांजा रेड की दूसरी कार्रवाई की गई है । ग्राम कुनकुरी में 1.80 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 90 हजार रुपये आंकी गई है। बता दें कि पूर्व में ग्राम छोटे देवगांव में कार्रवाई करते हुए मोहन लाल गुप्ता के पास से करीब 5 किलोग्राम गांजा जब्त करते हुए कार्रवाई की थी। इसी कड़ी में कल गांजा तस्करी के विरुद्ध एक और प्रभावी कार्रवाई करते हुए ग्राम कुनकुनी से एक सप्ताह के भीतर खरसिया पुलिस की यह दूसरी गांजा रेड कार्रवाई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सीताराम ध्रुव को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुनकुनी निवासी भागीरथी पटैल अवैध बिक्री के लिए गांजा लेकर गांव पहुंचने वाला है।

शराब के नशे में घर पहुंचकर मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के कापू थाना क्षेत्र के ग्राम पखनाकोट, ढूंढबहार में शराब के नशे में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। जसिंता मिंज ने लिनुस मिंज, अंजू मिंज और लुखी मिंज पर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

महिला ने मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 27 अक्टूबर को शाम करीब 4 बजे जसिंता मिंज अपने बेटे पिंटू मिंज और मोना मिंज के साथ खेत से धान काटकर घर लौटी थीं। इसी दौरान उनका बेटा टिंकल मिंज भी स्कूल से घर पहुंचा। महिला का आरोप है कि घर पहुंचते ही लिनुस मिंज, अंजू मिंज और लुखी मिंज शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगे और मारपीट शुरू कर दी। जसिंता मिंज के मुताबिक, विवाद के दौरान लिनुस मिंज ने उनके बेटे टिंकल मिंज का गला दबाया, जबकि अंजू मिंज और लुखी मिंज ने पिंटू मिंज का गला दबाने की कोशिश की। जब महिला अपने बेटों को बचाने पहुंचीं, तो उनके साथ भी डंडे से मारपीट करने और हाथ-मुक्कों से धक्का-मुक्की करने का आरोप है। आरोपी शराब पीकर अक्सर विवाद करते हैं और ज्यादा धन कमाने की बात कहकर गाली-गलौज करते हैं। महिला ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।



CREDAI
CREDAI CELEBRATES BILASPUR

CREDAI
प्रॉपर्टी एक्सपो का
भव्य शुभारंभ

CREDAI BILASPUR
PROPERTY EXPO 2026

रजिस्ट्री पर
50%
की भारी छूट

31 अक्टूबर एवं
01 02 नवंबर 2026

Kundan Palace
Shrikant Verma Marg

KIDS PLAY ZONE

FOOD ZONE

Presented by
DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

40+
TRUSTED BUILDERS

50+
RESIDENTIAL & COMMERCIAL PROPERTIES

* T&C Apply



Powered by ORA MAKERS — Own your real asset.
Co-powered by ACM Readymix
Co-powered by AQUAPLAST
Co-powered by FORTUNE ELEMENTS BILASPUR
Bathing & Lighting Partner Jaquar GROUP complete bathroom & lighting solutions
Banking Partner SBI

PARTICIPATING MEMBERS

ARPA GREENS ROYAL — VRINDAVAN BUILDCON
SOLITAIRE — Rarity isn't built. It's sculpted
Vijaya श्री Heritage
AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Aashiyana
FORTUNE CITY
DHEERAA SKYLLA — DREAM BIG, LIVE WELL
DIVINE HEIGHTS
Amba Green — CELEBRATING LIFE
SWARNIMA ERA — Add more to life
ASA
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS — Rise with us... S.K. BUILDERS & DEVELOPERS
RAJ CONSTRUCTION
Sunflower Housing Pvt. Ltd.
Diwan Construction (A Vidhani Group Venture)
Anant Greens
bda BDA GROUP
vision vistara — REAL ESTATE, REDEFINED
NIRVANA HOMES — SIGNATURE VILLA PLOTS
KD CONSTRUCTION
GK Meghanamlam
ALASKA HOMES — Top of Nature
UB WORLD
USHA VALLEY
POOJA RESIDENCY
CLASSIC GROUP
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
CITYWALK — ONE WALK BRINGS IT ALL
DRS High Street
SHREE SHIDDHIVINAYAK INFRA BUILD SSV
AMBIENCE NATURE — LIMITED EDITION PLOTS & VILLAS
GK GROUP
AVIRAL DEVELOPERS
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
360 CONSTRUCTION SOLUTION
BHANLAXMI ACP WORKS
समृद्धि sanskriti GREENS

CALL FOR ENQUIRY: +91 7898032660, 9770770000

Concept & Design @ AdPRAYAS

खबर संक्षेप



लेखक कमल ने भेंट की कलेक्टर को पुस्तक

सारंगढ़। ग्राम छिंद निवासी लेखक एवं शोधकर्ता कमल दास महंत ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पुस्तक हनुमान चालीसा का रहस्यमयी विज्ञान की प्रति कलेक्टर को भेंट की और पुस्तक की विषयवस्तु के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुस्तक में हनुमान चालीसा की सभी 40 चौपाइयों का आधुनिक भौतिकी, चेतना विज्ञान और ब्रह्मांडीय सिद्धांतों के संदर्भ में विश्लेषण किया गया है। इसका उपशीर्षक ऊर्जा, चेतना, ब्रह्मांड है। लेखक ने इसमें भक्ति और विज्ञान के बीच संबंधों को समझने का प्रयास किया है। महंत ने बताया कि वे शोधकर्ता, लेखक, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, डिजिटल उद्यमी और भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्येता हैं। आधुनिक विज्ञान, भौतिकी, ब्रह्मांड, तकनीक, भारतीय दर्शन, वेद, उपनिषद, पुराण और सनातन ज्ञान परंपरा उनके अध्ययन के प्रमुख विषय हैं। वे इन विषयों को तर्क, अध्ययन, विश्लेषण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझकर सरल भाषा में आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

ग्रामीणों को जल गुणवत्ता जांच का दिया प्रशिक्षण

रायगढ़। घर घर नल से जल पहुंचने से ग्रामीण परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी में बदलाव आ रहा है। जिन परिवारों को पहले पानी के लिए दूर दूर तक जाना पड़ता था, उन्हें अब घर पर ही पानी की सुविधा मिल रही है। इससे विशेषकर महिलाओं का समय और श्रम बच रहा है, वहीं बच्चों और अन्य सदस्यों को भी पानी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता।
चिटकाकानी और त्रिभौना गांव के ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल के महत्व से अवगत कराने के साथ जल गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया भी समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान पानी के नमूने में निर्धारित मात्रा में रसायन मिलाकर उसकी जांच करने और प्राप्त परिणाम का निर्धारित मानकों से मिलान करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक ने फ्लोराइड की अधिकता से होने वाली फ्लोरोसिस बीमारी के बारे में भी बताया तथा जांच के दौरान निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने पर जोर दिया। चिटकाकानी और त्रिभौना गांव के ग्रामीणों ने नल से जल मिलने के बाद अपनी दिनचर्या में आए इस बदलाव को साझा किया। ग्राम चिटकाकानी की एक महिला हितग्राही ने बताया कि घर में पानी की सुविधा शुरू होने से काफी समय बच रहा है। महिलाओं को पानी के लिए इधर उधर आने जाने की परेशानी से भी राहत मिली है।

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर मास्टर ट्रेनरों को ट्रेनिंग

रायगढ़। आगामी निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसएसआर को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूरा करने तथा मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया 12 नवंबर 2026 से प्रारंभ होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की कार्यप्रणाली और दायित्वों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना है, ताकि मतदाता सूची तैयार करने के दौरान निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित हो सके। जिला एवं विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर आगे संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

एनटीपीसी लारा के सीएसआर सहयोग से हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

25 वीं राज्य सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा में 300 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण अंचलों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत एनटीपीसी लारा के सहयोग से मैत्री नगर टाउनशिप में 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया गया। रायगढ़ जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 300 खिलाड़ियों और 34 टीमों ने अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग में उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यक्रम में शशि मोहन सिंह आईपीएस, डीआईजी एवं एसएसपी, रायगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख , एनटीपीसी लारा, एम. श्रीनाथ, जीएम, जाकिर खान, श्रीमती रेखा ठाकुर, अध्यक्ष, प्रेरिता महिला समिति तथा महावीर सिंह, डीसी, सीआईएसएफ सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि शशि मोहन सिंह ने कहा, हार न मानने वालों की कभी हार नहीं होती। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष करने की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास, दृढ़ संकल्प और खेल भावना के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एचओपी सुभाष ठाकुर ने कहा कि एनटीपीसी लारा विद्युत उत्पादन के साथ-साथ अपने आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक एवं सामुदायिक विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। सीएसआर के माध्यम से एनटीपीसी लारा द्वारा समय-समय पर राज्य स्तरीय बैडमिंटन, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों में लैक्रोस खेल को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी पहल का उल्लेखनीय परिणाम है कि महलोई गांव की तीन बेटियों ने लैक्रोस के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया तक अपनी खेल यात्रा तय की है। यह उपलब्धि क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं और महिला सशक्तीकरण का प्रेरक उदाहरण है। एनटीपीसी लारा द्वारा सीएसआर के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की यह पहल युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, नए अवसर प्राप्त करने और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान कर रही है।



शिक्षक पवन को मिला स्काउटिंग के क्षेत्र में लांग सर्विस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्यपाल पुरस्कार अलंकरण समारोह में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले ने अपनी विशिष्ट उपलब्धियों के माध्यम से प्रदेश स्तर पर पहचान बनाई है।
समारोह में जिले के शिक्षक, स्काउट मास्टर एवं विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। विशेष रूप से पीएम सेजेस बरमकेला में पदस्थ शिक्षक पवन कुमार नायक को स्काउटिंग के क्षेत्र में 26 वर्षों की दीर्घकालीन सेवाओं के लिए लांग सर्विस अवार्ड प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि से जिले के शैक्षणिक एवं स्काउटिंग जगत में हर्ष का माहौल है। राज्यपाल पुरस्कार अलंकरण समारोह राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य तथा स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी जिलों से स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों ने समारोह में सहभागिता की। इस दौरान स्काउटिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं प्रतिभागियों को उनके योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

धान खरीदी की तैयारियों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, सभी केंद्रों की व्यवस्थाएं समय पर हो पूरी

- 95 उपार्जन केंद्रों के नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



सारंगढ़। खरीफ विपणन वर्ष 2026.27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 नवंबर से शुरू होने वाली खरीदी से पहले सभी उपार्जन केंद्रों में जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। किसी भी केंद्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी नहीं रहनी चाहिए। धान खरीदी 31 जनवरी 2027 तक चलेगी।
मास्टर ट्रेनरों ने 30 अक्टूबर को नोडल अधिकारियों को खरीदी प्रक्रिया और आवश्यक तैयारियों का प्रशिक्षण दिया। जिले में कुल 95 धान उपार्जन केंद्र हैं। इनमें सारंगढ़ विकासखंड में 30, बरमकेला में 27 और बिलाईगढ़ में 38 केंद्र शामिल हैं। कलेक्टर ने केंद्रवार वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर अधिकारियों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने तौल मशीनों का सत्यापन समय पर कराने और आर्द्रतामापक यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन केंद्रों में आर्द्रतामापक यंत्र या सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में नहीं हैं वहां तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने कहा। उन्होंने खरीदी शुरू होने से पहले सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पूर्ण करने पर जोर दिया। धान खरीदी की प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित रखने के लिए सभी केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। राज्य, जिला और विकासखंड स्तर पर केंद्रों की मॉनिटरिंग होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को खरीदी व्यवस्था पर लगातार नजर रखने और किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। किसानों को टोकन के लिए तुहर टोकन मोबाइल एप की सुविधा दी गई है। किसान समिति में जाकर भी टोकन कटवा सकते हैं। इस वर्ष दो एकड़ तक भूमि वाले किसानों के लिए एक दो से दस एकड़ तक भूमि वाले किसानों के लिए दो और दस एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों के लिए तीन टोकन की व्यवस्था की गई है।

किसानों के रकबा में कटौती, केन्द्र सरकार और राजस्व विभाग के खिलाफ की जमकर नारेबाजी





हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

किसानों द्वारा रकबा कटौती और पीएम किसान सम्मान निधि पोर्टल बंद होने से आ रही समस्या को लेकर किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर के नाम तहसील कार्यालय सरिया में ज्ञापन सौंपा है। और मांग किया है कि किसानों के समस्याओं का शीघ्र किया जाए। अन्यथा किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।
सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में आज शुक्रवार को आंचलिक किसान संघ सरिया के द्वारा महिमा आश्रम चौक से रैली निकाल कर तहसील कार्यालय पहुंचे। किसानों ने बताया कि प्रशासन हमारे रकबा में कटौती करते हुए कम धान खरीदने की योजना बना रही है। किसानों ने कहा कि वर्तमान में हमारे खेतों में धान फसल लगा है। लेकिन राजस्व विभाग के द्वारा मनमानी ढंग से गिरदावली या डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे कर खेत में अन्य फसल दर्शाया गया है। जिसके कारण किसानों को इस वर्ष धान बेचने में फिर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके पहले किसानों ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि पूर्व में जिस तरह से हमारे खेतों से धान खरीदी की गई है उसी हिसाब से धान खरीदी की जाए। इसके साथ ही साथ कई पात्र किसान पीएम किसान सम्मान निधि लाभ से वंचित है। और प्रशासन द्वारा इसका पोर्टल बंद कर दिया गया है। जिसके कारण पात्र किसान पीएम किसान सम्मान निधि के लिए दर दर भटक रहा है। इन दो मुद्दों को लेकर शुक्रवार को आंचलिक किसान संघ सरिया के द्वारा प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोल नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां कलेक्टर एवं तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। तहसील कार्यालय सरिया में तहसीलदार न होने के कारण राजस्व निरीक्षक को किसानों ने ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग किया कि हमारी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए। अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। रकबा कटौती एवं पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

कलेक्टर ने विभाग को कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

देवभोग दुग्ध संयंत्र की स्थापना से जिले में बढ़ेंगे डेयरी और रोजगार के अवसर



सारंगढ़। राज्य शासन की जिले में दुग्ध उत्पादन और डेयरी गतिविधियों को बढ़ावा देने की नीति एवं मंशा के अनुरूप जिले में देवभोग दुग्ध संयंत्र स्थापित करने की दिशा में कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। संयंत्र से दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन को स्थानीय स्तर पर बढ़ावा मिल सकेगा। इससे पशुपालकों को बाजार उपलब्ध कराने और डेयरी आधारित रोजगार के अवसर विकसित करने में मदद मिलेगी।
कलेक्टर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पशुधन विकास विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पशुपालन और डेयरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। विभाग ऐसी कार्ययोजना बनाए, जिससे स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को बाजार से जोड़ने के साथ युवाओं और स्व सहायता समूहों के लिए भी डेयरी से जुड़ी गतिविधियों के अवसर विकसित हों। पशुधन विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तत्काल सुधार लाने और कार्यों में तेजी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। मैदानी स्तर पर लापरवाही और कमजोर क्रियान्वयन स्वीकार नहीं किया जाएगा। देवभोग दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता और बिक्री बढ़ाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में विक्रय केंद्र स्थापित करने तथा जिले के प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। आगामी राज्योत्सव में भी देवभोग उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय के निर्देश दिए। इन केंद्रों से स्थानीय स्तर पर दुग्ध उत्पादों की पहुंच और विपणन को बढ़ावा मिलेगा। गौवंशीय तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर कार्रवाई की जानकारी देते हुए पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक महेंद्र पांडेय ने बताया कि शिकायत मिलने पर विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। पिछले चार माह में नौ लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

लोकतंत्र बचाव, अराजकता हटाव पदयात्रा आज, वित्त मंत्री होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र बचाव, अराजकता हटाव अभियान के तहत 31 अक्टूबर को रायगढ़ में विशाल पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी विशेष रूप से शामिल होंगे। पदयात्रा में जिले भर से हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे सिंदूर पार्क में सभा आयोजित होगी, जिसके पश्चात सुबह 11 बजे विशाल पदयात्रा प्रारंभ होगी।
यह पदयात्रा सिंदूर पार्क से प्रारंभ होकर सिल्वर पैलेस, मंदिर चौक, न्यू मार्केट, सुभाष चौक, हटरी चौक, हांडी चौक, घड़ी चौक, सत्तीगुड़ी चौक, सिविल लाइन, नटवर स्कूल एवं स्टेशन चौक होते हुए गांधी प्रतिमा चौक पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत सोमावार ने बताया कि लोकतंत्र की मर्यादा, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के उद्देश्य से यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूकता और जनभागीदारी आवश्यक है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड के लिए शिविर का आयोजन

रायगढ़। जिले के सभी दिव्यांगजनों को विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा विकासखंडवार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों का पंजीयन, प्रमाणीकरण एवं चिकित्सकीय परीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 30 अक्टूबर को जनपद पंचायत घरघोड़ा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दिव्यांगजनों के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 57 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं।

किसान इस राशि का बीज, खाद खरीदने में कर सकते हैं उपयोग

जिले के 72 हजार 922 किसानों के खाते में जमा हुए 14.63 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के तहत जिले के 72,922 किसानों के बैंक खातों में 14.63 करोड़ की राशि अंतरित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा में आयोजित कार्यक्रम से देशभर के पात्र किसानों के खातों में राशि हस्तांतरित की। इस किस्त के रूप में देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों को लगभग 18,680 करोड़ की सहायता दी गई।
योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है। हर चार माह में 2,000 सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किए जाते हैं। किसान इस राशि का उपयोग बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य कृषि सामग्री खरीदने में कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य कृषि निवेश को प्रोत्साहित करना और किसानों को आर्थिक सहयोग देना है। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी के निर्देशानुसार जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेयए उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायक, कृषि स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती अभिलाषा कैलाश नायक, जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव सहित कृषि विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने भी प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना। किसानों की सहभागिता के लिए मंडी परिसर स्थित मंडी कार्यालय के सभाकक्ष में भी अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 100 से अधिक किसान और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूर्व विधायक सुश्री कामदा जोल्हेए मंडल महामंत्री शिवम चंद्रा और अनुसूचित जाति मोर्चा के देवेंद्र रात्रे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने वेबकास्ट देखा। कार्यक्रम में किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 24 वीं किस्त और किसान हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। गुजरात में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत विकसित 521 इकाइयां राष्ट्र को समर्पित की गईं तथा 12 हॉर्टिकल्चर क्लस्टर का शुभारंभ किया गया।

न्यायालय श्रीमान दशम आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम
श्रम न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी - आदित्य जोशी)
प्रकरण क्र.-89/ईसीए/2023
आदेश दिनांक - 28/09/2026
पेशी तारीख -16/11/2026
प्रोसेस क्रमांक-690/30 :10 :2026
कुशाल पटेल वगैरह .....**आवेदकगण**
विरूद्ध
रवि अग्रवाल वगैरह .....**अनावेदकगण**
अमित अग्रवाल पिता महावीर प्रसाद अग्रवाल निवासी-कृष्णा विहार रायगढ़, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) (मकान स्वामी)
.....**अनावेदकगण क्र.03**
आपके विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदकगण के द्वारा प्र.क.-89-ईसीए/2023 का प्रस्तुत किया गया है जिसकी आगामी पेशी तिथि 16/11/2026 है आपको इस न्यायालय में दिनांक 16/11/2026 को समय 11:00 बजे उक्त प्रकरण का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं/रीडर या अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात/उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस आवेदन से सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके तथा उन सभी दस्तावेजो को पेश करने के लिये तैयार रहे जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।
इस समंस/नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं हो सकेगें तो आपके विरूद्ध उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपके अनुपस्थित में किया जायेगा। यदि न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है या किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख 16/11/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।
अतः आज दिनांक 30/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक-30.10.2026
(आदित्य जोशी)
आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम
श्रम न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान














क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र ₹101

PAYMENT QR CODE

फोन से परामर्श मात्र ₹251

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।